# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–13.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **केंद्रीय कृशि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में रबी फसल के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान की 3 अक्टूबर से होगी शुरूआत, 15 सितंबर से होगा राश्ट्रीय रबी सम्मेलन।**
2. **रिम्स, रांची के शासी परिषद की बैठक में 16 एजेंडों की समीक्षा, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा– सरकारी ड्यूटी के दौरान निजी प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई।**
3. **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा– रांची में पहली बार 19 सितंबर से आयोजित होगा ईस्ट टेक डिफेंस एक्सपो, रक्षा क्षेत्र में एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा देने की पहल।**
4. **बोकारो पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार, तीन लाख रुपए नकद और भारी मात्रा में चोरी के गहने–जेवरात बरामद।**

**और**

5. **महिला एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा भारत, सुपर–चार में जापान के साथ मैच ड्रॉ, कल चीन के साथ होगी खिताबी भिड़ंत।**

*******************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रबी फसल के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान 3 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक चलेगा। इसके लिए 15 सितंबर से दो दिवसीय राष्ट्रीय रबी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में कई कृषि विज्ञान के वैज्ञानिक भी शामिल होंगे। गौरतलब है कि इस अभियान के जरिए गांव–गांव जाकर किसानों से मिलेंगे, आवश्यक जानकारी देंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'लैब टू लैंड' मंत्र को साकार करने में भूमिका निभाएंगे।

*******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि सरकारी ड्यूटी के दौरान निजी प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जाएगी। वे आज रिम्स शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में सोलह एजेंडों की समीक्षा हुई, वहीं अगली बैठक नौ अक्टूबर को होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि रिम्स में कई चिकित्सीय उपकरण खरीदे जाएंगे, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सत्रह सिंतबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 19 से 21 सितंबर तक रांची में पहली बार ईस्ट टेक डिफेंस एक्सपो आयोजित होगा. इसका मकसद रक्षा के क्षेत्र में एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा देना है।

*******************

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। आज, हम कर–मुक्त वस्तुओं के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं।

*******************

22 सिंतबर से नई जीएसटी दरें लागू होने पर खरीदारी को लेकर हजारीबाग के व्यवसायियों औऱ लोगों में काफी उत्साह है।

*******************

युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि विकसित भारत के युवा संवाद नेता, युवा–नेतृत्व वाले लोकतंत्र का एक सच्चा उदाहरण हैं, जो दृष्टि को आवाज में और आवाज को प्रभाव में बदल देता है। नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग 2026 में श्री मांडविया ने बताया कि आज से शुरू हुई क्विज प्रतियोगिता अगले महीने की 15 तारीख को समाप्त होगी।

*******************

रेलवे ने कोडरमा से दानापुर के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की घोषणा की है। यह ट्रेन राजगीर होते हुए दानापुर तक जाएगी। इस ट्रेन के शुरू होने से कोडरमा और आसपास के लोगों को काफी सहुलियत होगी।

*******************

धनबाद जिला में कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे संगठन सृजन कार्यक्रम में पर्यवेक्षक शांतनु मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी की. उन्होंने कहा कि पार्टी के संगठनात्क चुनाव को लेकर सभी स्तर के कार्यकर्ताओं की राय ली जा रही है।

*******************

पाकुड़ जिले में आज नवचयनित दो सौ सैंतालीस चौकीदारों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ आंगनबाड़ी सेविका–सहायिकाओं को भी चयन पत्र दिया गया। हेमलाल मुर्मू ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जा रही है।

*******************

बोकारो जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि यह गिरोह ज्यादातर बंद पड़े सरकारी क्वार्टरों में चोरी की घटना को अंजाम देता था।

******************

**संक्षिप्त खबरें**–

- खूंटी जिले में डालसा की ओर से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में छह हजार से ज्यादा मामलों के निष्पादन के साथ ढ़ाई करोड़ रुपए की राशि का भी समायोजन किया गया।
- धनबाद जिले में डाक विभाग द्वारा अपनी बचत समेत अन्य योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए जागरुकता रैली निकाली गयी।
- झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति ने आज देवघर में लंबित सरकारी आश्वासनों व विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कई निर्देश दिए।

******************

चीन के हांगझोउ में चल रही महिला एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता–2025 के फाइनल में भारत ने प्रवेश कर लिया है। कल होने वाले खिताबी मुकाबले में भारत का सामना चीन के साथ होगा। आज खेले गए सुपर–चार के अंतिम मुकाबले में भारत और जापान का मैच एक–एक गोल से ड्रॉ रहा। इस मैच में भारत के लिए झारखंड की ब्यूटी डुंगडुंग ने गोल दागे।

*******समाप्त********